ग
बंधक
पण

मोदक ने कहा कि जिस तरह से वृक्षों को काटा जा रहा है उस अनुपात में पौधा लगाकर उसे बचाया नहीं जा रहा है जिसका परिणाम है कि पलामू सहित पूरे देश में रहा है। वर्षापात

कहा पर्यावरण ंवेदनशील होना रों में होने वाले ारोपण कर उसे । वनों के प्रति ा, तभी तो वन ।
ाह, रविन्द्र सिंह, , अंजय मेहता, थे।

संत तुलसीदास महाविद्यालय में साप्ताहिक वन महोत्सव उत्सव, लगाए गए पौधे

पौधा लगाते प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा

थर्ड आई न्यूज ▶▶ डालटनगंज

पलामू जिले के रेहला स्थित संत तुलसीदास महाविद्यालय में साप्ताहिक वन महोत्सव उत्सव मनाया गया, जिसकी शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने की। इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत कई औषधीये पौधे, फूल और नारियल का पौधा लगाकर इसकी शुरुआत की गई।

प्राचार्य ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों का बहुत महत्व है। हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता है और हमें ऑक्सीजन पेड़ों के माध्यम से मिलती है, इसलिए इस पुनीत कार्य में अपने-अपने घरों, सार्वजनिक स्थान के आसपास में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पौधारोपण करने की अपील की। कहा कि इसे चुनौती लेकर पूरा करने की संकल्प लें, क्योंकि खाने से ज्यादा जरूरत ऑक्सीजन की है।

राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार शुक्ला ने बताया कि यह कार्यक्रम आगामी 7 जुलाई तक चलेगा। महाविद्यालय में कई पौधे लगाए गए जिसमें महाविद्यालय के हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. श्याम मिश्रा ने अपनी मां के नाम एक पौधा भी महाविद्यालय में लगाया।

मौके पर परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह, रंजन दुबे, ज्योति कुमारी, शबनम निशा, आशा कुमारी, अस्मिता पांडे, संतोष शुक्ला, टीपी तिवारी, अजय ओझा, कृष्ण कुमार चौबे, प्रधान सहायक अमित कुमार, राजू कुमार, देव प्रकाश पांडे, आशीष पांडे, जितेंद्र पाठक, संगीता कुमारी, रामेश्वर राम, अनुज कुमार, सुधीर यादव, गुंजन पासवान आदि महाविद्यालय के कई छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

रेहला के संत तुलसीदास डिग्री महाविद्यालय में साप्ताहिक वन महोत्सव का हुआ आयोजन

संवाददाता विश्रामपुर (पलामू) : रेहला-बी मोड़ स्थित संत तुलसीदास डिग्री महाविद्यालय में आज साप्ताहिक वन महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने महाविद्यालय परिसर में नारियल का पौधा लगाकर किया। साथ ही सभी शिक्षकेत्तर कर्मचारियों ने भी बारी-बारी से कई फलदार,इमारती व औषिधीय पौधा लगाया। प्राचार्य संतोष कुमार मिश्रा ने कहा कि हमारे जीवन में पेड़ों की बहुत महत्व है। हमें सांस लेने के लिए ऑक्सीजन की आवश्यकता होती है। जो हमें पेड़ों के माध्यम से ही मिलती है। उन्होंने महाविद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षकेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं को पर्यावरण की सुरक्षा हेतु अपने-अपने घर,सार्वजनिक

स्थल तथा आसपास में पौधारोपण करने की अपील की। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम पदाधिकारी राकेश कुमार शुक्ला बताया कि यह कार्यक्रम आगामी 7 जुलाई तक चलेगा। मौके पर हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ श्याम मिश्रा,परीक्षा नियंत्रक शशि रंजन सिंह,रंजन दुबे,ज्योति कुमारी,शबनम निशा,आशा कुमारी,अस्मिता पांडेय,संतोष शुक्ला,टीपी तिवारी,अजय ओझा,कृष्ण कुमार चौबे,प्रधान सहायक अमित कुमार,राजू कुमार,देव प्रकाश पांडेय,आशीष पांडेय,जितेंद्र पाठक,संगीता कुमारी,रामेश्वर राम,अनुज कुमार,सुधीर यादव,गुंजन पासवान सहित महाविद्यालय के कई छात्र-छात्रायें मौजूद थे।